राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष न. 0141–2722520

क्रमांक:प.8(51)/RSSB/प.आ./शीघ्रलिपिक सं.सी.भ.प./Phase-II(आशुलिपि)/2018/1171 दिनांक: 10-12-202

विज्ञप्ति

बोर्ड द्वारा **स्टेनोग्राफर संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2018 के अतिरिक्त परीक्षा परिणाम दिनांक 23.11.2021 में सफल हुए अभ्यर्थियों की फेज-II** की परीक्षा **"अंग्रेजी/हिन्दी आशुलिपि परीक्षण (Hindi/English Shorthand Test)"** दिनांक 11.01.2022 से दिनांक 13.01.2022 तक ऑनलाइन आयोजित की जा रही है।

इन पदों की भर्ती हेतु जारी विज्ञप्ति क्रमांक प.14(68)RSMSSB/अर्थना/शीघ्र.लि./भर्ती/2018/2957 दिनांक 04.07.2018 में अंग्रेजी/हिन्दी प्रतिलेखन एवं टंकण हेतु अभ्यर्थी द्वारा स्वयं का कम्प्यूटर लाने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु व्यवहारिकता एवं एकरूपता बनाये रखने की दृष्टि से अभ्यर्थी को परीक्षा में बोर्ड द्वारा कम्प्यूटर उपलब्ध कराया जायेगा। जिसके लिए अभ्यर्थियों से श्रेणीवार निम्नानुसार कम्प्यूटर एवं परीक्षा शुल्क लिया जायेगाः–

(क) **सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी व अन्य पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग के क्रीमीलेयर श्रेणी के अभ्यर्थी हेतुः रूपये 450/–**

(ख) **राजस्थान के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व अन्य पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग के नॉन क्रीमीलेयर श्रेणी के अभ्यर्थी हेतुः रूपये 350/–**

(ग) **समस्त विशेष योग्यजन तथा राजस्थान के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी हेतुः रूपये 250/–**

अभ्यर्थी द्वारा अंग्रेजी/हिन्दी आशुलिपि परीक्षण (Hindi/English Shorthand Test) हेतु उपरोक्तानुसार कम्प्यूटर एवं परीक्षा शुल्क ई–मित्र कियोस्क के माध्यम से अथवा स्वयं की **SSO ID** पर उपलब्ध **स्टेनोग्राफर संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2018** के **Admit Card Section** पर जाकर ऑनलाइन जमा कराया जा सकता है जिसकी सूचना पृथक से दी जायेगी। शुल्क जमा नहीं कराने की स्थिति में अभ्यर्थी अपना ई–प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं कर सकेंगे।

उक्त ऑनलाईन परीक्षा के संबंध में पूर्व में दिनांक 03.09.2021 को जारी विस्तृत दिशा–निर्देश यथावत रहेंगे जो बोर्ड की अधिकारिक वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। परीक्षा हेतु मॉक टेस्ट का लिंक दिनांक 27.12.2021 से बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा, जिसका अभ्यर्थी आवश्यक रूप से ट्रायल कर लेवें। नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की उक्त वेबसाईट पर नियमित अवलोकन करते रहें।

(पुष्कर राज शर्मा)
सचिव